बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 17–BPMU (सो0 का0)–18/2015 (खण्ड–1) ...1044... पटना दिनांक : 23-02-2021

आदेश

केन्द्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय भू–अभिलेख प्रबंधन कार्यक्रम (DILRMP/NLRMP) के अन्तर्गत भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना) के नियंत्रणाधीन गठित एवं निबंधित सोसाईटी बिहार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (BPMU) के लिए स्वीकृत पद Land Information System (LIS) सलाहकार का पद स्वीकृत किया गया है। सोसाईटी कार्यालय के LIS सलाहकार के स्वीकृत पद पर नियोजन हेतु विज्ञापन प्रकाशन की कार्रवाई की जा रही है। बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के संचालन में आ रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं के निष्पादन तथा हवाई फोटो ग्राफी एजेंसियों के कार्यकलापों का गहनता से अनुश्रवण करने एवं चयनित एजेंसियों पर आवश्यकतानुसार प्रशासनिक/विधिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के उद्देश्य से तत्काल व्यवस्था के अन्तर्गत LIS सलाहकार के चयन होने तक विभाग में पदस्थापित किसी पदाधिकारी को उक्त पद का प्रभार देकर कार्य करने का प्रस्ताव कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 27.11.2020 (ज्ञापांक–11389 दिनांक 04.12.2020) की कंडिका– 7.2.1 में पारित किया गया।

2. उक्त के आलोक में श्री नवल किशोर, संयुक्त निदेशक, चकबंदी निदेशालय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को विभागीय आन्तरिक व्यवस्था के अंतर्गत अपने कार्यो के अतिरिक्त LIS सलाहकार पद का प्रभार दिया जाता है।

3. श्री किशोर के एल0आई0एस0 सलाहकार के रूप में कार्यों में श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबंदी निदेशालय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएगें।

4. LIS सलाहकार के रूप में कार्य करने पर इन्हें सोसाईटी कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का मानदेय/भत्ता देय नहीं होगा। विभागीय स्तर पर प्राप्त सुविधा ही इन्हें प्राप्त होगी।

5. आदेश निर्गत तिथि से श्री किशोर एवं श्री सिंह विभाग द्वारा सौपे गए दायित्व के अतिरिक्त भारत सरकार के मार्गदर्शन के अनुरूप एल0आई0एस0 सलाहकार के कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

6. प्रस्ताव पर अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

7. आगामी शासी निकाय की बैठक में इसका अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाएगा।

(जय सिंह) 23/2/21

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :–17–BPMU (सो0 का0)–18 / 2015 (खण्ड–1) ....1044.. पटना दिनांक 23-02-2021

प्रतिलिपि :– श्री नवल किशोर, संयुक्त निदेशक, चकबंदी निदेशालय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना / श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबंदी निदेशालय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :–17–BPMU (सो0 का0)–18 / 2015 (खण्ड–1) ..1044.. पटना दिनांक 23-02-2021

प्रतिलिपि :– विभाग में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों / निदेशालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों / बी0पी0एम0यू0 सोसाईटी कार्यालय के सभी कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :–17–BPMU (सो0 का0)–18 / 2015 (खण्ड–1) ..1044.. पटना दिनांक 23-02-2021

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भुमि सुधार विभाग, बिहार पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :–17–BPMU (सो0 का0)–18 / 2015 (खण्ड–1) ..1044.. पटना दिनांक 23-02-2021

प्रतिलिपि :– प्रभारी, आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप